

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से ...

**1 जून, 2025**

**प्रिय साथियो,**

एक संगठन के रूप में, हम अपने कार्यनीतिक लक्ष्यों की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। यह आवश्यक है कि हम भारत सरकार के दृष्टिकोण और विद्युत क्षेत्र में तीव्र प्रगति के साथ सामंजस्य बनाते हुए सतत विकास पर अपना ध्यान केंद्रित रखें।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि विद्युत क्षेत्र में भारत-नेपाल सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के अनुक्रम में, श्री कमल बहादुर शाह, माननीय मुख्यमंत्री, सुदूरपश्चिम प्रांत सरकार के नेतृत्व में नेपाल के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने  दिनांक 01 मई, 2025 को एनएचपीसी के निगम मुख्यालय का दौरा किया । इस  दौरे के दौरान, नेपाल में एनएचपीसी द्वारा शुरू की गई वर्तमान और भावी सहयोगात्मक परियोजनाओं के बारे में चर्चा की गई।

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, सीईए ने  दिनांक 23 मई, 2025 को अरुणाचल प्रदेश में स्थित 1720 मेगावाट की कमला जलविद्युत परियोजना को सहमति प्रदान कर दी है।

दिनांक 16 मई, 2025 को, मैंने श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) और श्री संतोष कुमार, सीवीओ के साथ, श्री तन्मय कुमार, सचिव (एमओईएफ एंड सीसी), भारत सरकार से नई दिल्ली में मुलाकात की।  हमने जम्मू व कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी की चल रही परियोजनाओं के संबंध में रचनात्मक चर्चा की तथा उनसे महत्वपूर्ण सहयोग और आश्वासन प्राप्त हुआ।

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी ने परियोजना प्रगति की समीक्षा करने के लिए मई, 2025 में 1720 मेगावाट कमला जलविद्युत परियोजना और 1605 मेगावाट सुबनसिरी अपर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया और लंबित मंजूरियों को प्राप्त करने में तेजी लाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया । दिनांक 22 मई 2025 को उन्होंने श्री आनंद वर्धन, मुख्य सचिव, उत्तराखंड और डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, प्रधान सचिव (ऊर्जा) से मुलाकात कर कोटली भेल 1ए, कोटली भेल 1बी और गरबा तवाघाट जलविद्युत परियोजनाओं की स्थिति के बारे में समीक्षा की।

एनएचपीसी ने राजस्थान में पंप स्टोरेज और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के संयुक्त विकास के लिए दिनांक 9 मई, 2025 को आरवीयूएनएल, राजस्थान सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि, 23 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट एंड अवार्ड्स में एनएचपीसी को "पावर सेक्टर में वर्ष 2025 की जीईईएफ ग्लोबल एनवायरनमेंटल एक्सीलेंस कंपनी" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी ने 9 मई, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 'गवर्नेंस नाउ 10वें इंडिया पीएसयू आईटी अवार्ड्स 2025' में पुरस्कार अर्जित किया। एनएचपीसी को 'साइबर सुरक्षा एवं डेटा संरक्षण तथा डिजिटल परिवर्तन उत्कृष्टता' के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ। डॉ. प्रशांत आत्रेय, कार्यपालक निदेशक (आईटी एवं सी) को 'डिजिटल ट्रांसफॉर्मेलीडर ऑफ द ईयर (सीआईओ/सीटीओ)" तथा श्री विभोर गुप्ता, महाप्रबंधक (आईटी) को 'डिजिटल सिक्युरिटी लीडर ऑफ द ईयर (सीआईएसओ)' के रूप में सम्मानित किया गया।

**मई 2025 की प्रमुख उपलब्धियां–**

- मई 2025 के लिए एनएचपीसी का राजस्व ₹ 628.06 करोड़ रहा और एनएचपीसी के सभी स्टेशनों से संचयी विद्युत उत्पादन 2,954.7 एमयू था।
- राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी), नई दिल्ली के सहयोग से पुस्तक प्रदर्शनी आयोजन के साथ निगम मुख्यालयन में दिनांक 05 से 9 मई 2025 तक 'हिंदी पुस्तक पठन सप्ताह' मनाया गया।
- एनएचपीसी के सभी कार्य स्थलों पर दिनांक 16 से 31 मई 2025 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' मनाया गया।
- एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलर्स, मास्टर अथर्व गुप्ता और मास्टर दक्षण ने बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 (06 - 10 मई, 2025) में क्रमशः टेबल टेनिस (युगल) में कांस्य पदक और 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में रजत पदक जीतकर हमें गौरवान्वित किया।

जैसे-जैसे जून माह व्यतीत हो रहा है, हम विश्व पर्यावरण दिवस और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की ओर अग्रसर हैं। आइए, हम अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण और समग्र कल्याण की भावना को अपनाएं।

इस अवसर पर, मैं आपको और आपके परिवारों को बकरीद के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

आपका,

रा० कु० चौधरी

**(आर.के. चौधरी)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**